RAF SECTOR
NEWS CLIP
08/11/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar, Ghatshila (JKD)

कोरोना से बचाव की मिली जानकारी

नरवा : सुंदरनगर थाना क्षेत्र के द्रुत कार्य बल (रैफ) 106 बटालियन के कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी एवं उप कमांडेंट के मार्गदर्शन में गोद लिये गांव व्यांगबील के प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में कोविड -19 से बचाव को लेकर शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में स्कूली बच्चों को कोरोना महामारी से नुकसान एवं बचाव से संबंधित जानकारी दी गयी. उप कमांडेंट श्री शरण ने बचाव के लिये डेमो का प्रदर्शन कर हाथ धोने के तरीके, सैनिटाइजर का प्रयोग, दो गज की दूरी का पालन एवं आवश्यक रूप से मास्क पहनने के बारे में जानकारी दी.

Dainik Bhaskar, Jamshedpur(JKD)

रैफ जवानों ने स्कूली बच्चों को हाथ धोने के सही तरीके की दी जानकारी

जमशेदपुर | सुंदरनगर रैफ बटालियन 106 में शनिवार को कमांडेंट विनोद कुमार, सेकेंड कमांडेंट विनोद कुमार के मार्गदर्शन में वाहिनी की ओर से गोद लिए गए गांव ब्यांगबिल के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को हाथ धोने के सही तरीके और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही कोविड 19 से बचाव की जानकारी दी गई। मौके पर डिप्टी कमांडेंट अनामी शरण ने बताया कि बच्चे देश के भविष्य हैं। इस दौरान बच्चों को हाथ धोने और सैनेटाइज करने के सही तरीकों और दो गज की दूरी का पालन करने की जानकारी दी गई।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।